Title: Need for construction of a railway overbridge at Phagwara in Punjab.

श्रीमती संतोा चौधरी (फिल्लौर) : मेरे फिल्लौर संसदीय क्षेत्र के फगवाड़ा विधान सभा क्षेत्र में रेलवे ओवर ब्रिज की अति आवश्यकता है। यह घनी आबादी वाला औद्योगिक नगर रेलवे फाटक के कारण दो हिस्सों में बंटा हुआ है। स्कूल, कालेज, अस्पताल, कारखाने एवम् लुधियाना, जालन्धर, चंडीगढ़, नवांशहर अथवा दिल्ली को जाने का नेशनल हाईवे भी रेलवे फाटक के एक तरफ रह जाता है जिस कारण बच्चों से लेकर बूढ़े व्यक्तियों को फाटक के अधिक समय तक बंद रहने के कारण बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ता है। पिछले कुछ वार्ों से मैं लोक सभा में यह प्रश्न कई बार उठा चुकी हूं, परंतु रेलवे मंत्रालय ने इस ज्वलंत समस्या को गम्भीरता से नहीं लिया।

अतः मेरा मंत्री महोदय से अनुरोध है कि फगवाड़ा तथा आसपास के नागरिकों की समस्या का अवश्य ही समाधान कर के कृतार्थ करें।

।